
बहुप्रतिक्षित आवासीय योजना के लिए जमीन जुटाने के लिए दफ्तर का निर्माण कार्य शुरू

# आईटी सिटी 1696 एकड़ में बसेगी एलडीए यहां निवेशकों को देगा जमीन

## तैयारी

लखनऊ प्रमुख संवाददाता। लखनऊ विकास प्राधिकरण की आईटी सिटी योजना हाईटेक टाउनशिप के साथ रोजगार के अवसर भी देगी। इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से निवेश का प्रस्ताव देने वाले आईटी, एआई व सॉफ्टवेयर क्षेत्र के निवेशकों को योजना में जमीन दी जाएगी। एलडीए ने अपनी इस बहुप्रतिक्षित आवासीय योजना के लिए जमीन जुटाने का काम शुरू कर दिया है। शनिवार को स्थल पर बोर्ड लगाकर साइट ऑफिस का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सुलतानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व किसान पथ के मध्य लगभग 1696 एकड़ क्षेत्रफल में आईटी सिटी विकसित की जाएगी। इसके लिए मोहनलालगंज तहसील के ग्राम-बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली और भटवारा की जमीन ली जाएगी। यह योजना अपनी रोड कनेक्टिविटी के कारण लोगों के लिए काफी उपयोगी होगी। योजना में 72 वर्गमीटर से 1250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के लगभग 4,000 आवासीय भूखण्ड सृजित किए जाएंगे। सर्वाधिक 1800 भूखण्ड 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के होंगे। आईटी सिटी को इस तरह विकसित किया जाएगा, जिससे अधिकतम निजी निवेश आकर्षित हो। इसके लिए योजना में लगभग 350 एकड़ का इन्डस्ट्रियल एरिया व व्यावसायिक गतिविधि के लिए लगभग 60 एकड़ क्षेत्रफल आरक्षित किया जाएगा। योजना में ग्रीन बेल्ट के बड़े भू-भाग में गोल्फ सिटी बनायी जाएगी। साथ ही लगभग 15 एकड़ क्षेत्रफल में फैली वाटर बॉडी योजना को पर्यावरण के अनुकूल बनाएगी।



**04** गांवों के 23 भू-स्वामियों ने भूमि लैंड पूलिंग से देने का प्रस्ताव

**11** गांवों में पूर्व से चल रही अवैध प्लॉटिंग का सफाया किया

### प्रौद्योगिकी व ग्लोबल बिजनेस पार्क बनेंगे

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि योजना में हाईटेक प्रौद्योगिकी पार्क, ग्लोबल बिजनेस पार्क, साइंस एवं इंजीनियरिंग उपकरण क्षेत्र, सुपर स्पेशलिटी मेडिकल जोन आदि के लिए बड़े भूखण्ड नियोजित किए जाएंगे। योजना में ये इंडस्ट्री आने से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### अवैध प्लाटिंग पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

आईटी सिटी योजना में आ रहे 11 गांवों में पूर्व से चल रही सभी अवैध प्लाटिंग का सफाया किया जा रहा है। एलडीए ने बीते चार महीनों में क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। जिसके अंतर्गत 29 अवैध प्लाटिंग को पूरी तरह ध्वस्त किया गया है

### मोहारी खुर्द गांव में पहला साइट ऑफिस

संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि योजना के लिए जमीन जुटाने का काम तेजी से चल रहा है। इसके तहत चार गांवों के 23 भू-स्वामियों ने अपनी लगभग 265 बीघा भूमि लैंड पूलिंग के माध्यम से नि:शुल्क देने के आवेदन दिए हैं। मोहारी खुर्द गांव में जमीन का कब्जा लेने का कार्य किया जा रहा है। शनिवार को प्राधिकरण के अर्जन व अभियंत्रण अनुभाग की संयुक्त टीम ने मोहारी खुर्द गांव में लगभग 46 बीघा भूमि का कब्जा लिया। इस दौरान स्थल पर बोर्ड लगाकर साइट ऑफिस के निर्माण का काम भी शुरू करा दिया गया है। जल्द ही अन्य जगहों की एग्रीमेंट डीड साइन की जाएगी।